इलाहाबाद विश्वविद्यालय

सीनेट हाउस, प्रयागराज (उ.प्र.)- 211 002, भारत

(संसद के अधिनियम 2005 द्वारा स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

University of Allahabad

Senate House, Prayagraj (U.P.)- 211 002, India

(A Central University established by an Act of Parliament in 2005)

Professor Sangita Srivastava
Vice-Chancellor

प्रोफ़ेसर संगीता श्रीवास्तव
कुलपति

संदेश

हिंदी दिवस के इस पावन अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक तथा शिक्षणेत्तर कार्मिकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

भाषा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक तथा सांस्कृतिक धरोहर की संवाहक होती है। पूरे देश की एकता और अखंडता की एक महत्वपूर्ण कड़ी भी होती है। भारत जैसे बहुभाषी और विविध संस्कृतियों से परिपूरित देश में इसका महत्व और बढ़ जाता है। राष्ट्रीयता, भारतीयता और एकता हिंदी का मूल स्वर है। आज राजभाषा हिंदी सरकार और देश के आम नागरिक के बीच संवाद की भाषा होकर अपनी सार्थक भूमिका निभा रही है।

संपर्क भाषा के रूप में स्वाधीनता पूर्व से ही अपनी अलग और विशिष्ट पहचान बना चुकी हिंदी की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, भारतीय संविधान सभा द्वारा **14** सितंबर **1949** को हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में अंगीकृत किया गया था।

यह हमारे लिए बड़े संतोष और गर्व की बात है कि आज हिंदी अपने देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में परचम लहरा रही है। विश्व के अधिकतम् देशों में हिंदी किसी न किसी रूप में प्रयोग की जाती है और विश्व के अनेक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में इसका अध्ययन और अध्यापन भी हो रहा है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय भी अब इस दिशा में अग्रसर है। हमारी वेबसाइट अब द्विभाषी है, हमारा 'प्रतीक चिन्ह' भी अब संस्कृत के ध्येय वाक्य वाला है। वार्षिक प्रतिवेदन हो या लेखा प्रतिवेदन सभी द्विभाषी मुद्रित हो रहे हैं। पहली बार हम एक माह का 'राजभाषा महोत्सव' 02 से 30 सितंबर 2022 के मध्य मना रहे हैं। हमारे कार्मिकों और विद्यार्थियों के लिए इस बार चित्र मंथन, कार्यालयीन पत्र लेखन, निबंध लेखन, प्रेरक प्रसंग, तात्कालिक भाषण, कविता पोस्टर, स्वरचित काव्य पाठ, हिंदी कविताओं की संगीतमयी प्रस्तुति, नाट्य प्रस्तुति आदि का आयोजन किया जा रहा है, इसमें आपकी भागीदारी सराहनीय है। इससे पता चलता है कि विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राएं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में रुचि रखते हैं।

मैं, विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को अपनी ओर से बहुत बधाई देती हूं साथ ही आप सभी से अपेक्षा करती हूं कि भविष्य में भी आप इसी तरह प्रतिभाग करते रहेंगे।

आइए हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम सभी अपना कार्यालयीन कार्य पूर्ण उत्साह लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में ही करेंगे। मुझे विश्वास है कि हमारा सामूहिक और सार्थक प्रयास अवश्य सफल होगा और हिंदी जन-जन की भाषा बन सकेगी।

जय हिंद, जय हिंदी।

14 सितंबर, 2022

संगीता श्रीवास्तव

(संगीता श्रीवास्तव)

Residence / आवास:
18/22, Clive Road, Civil Lines, Prayagraj-211 001 /
18/22, क्लाइव रोड, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211 001

Camp Office / शिविर कार्यालय:
Tele. / दूरभाष : (0532) 2545020
: (0532) 2545733

Main Office / मुख्य कार्यालय:
Tele. / दूरभाष : (0532) 2461089, 2460063
e-mail / ई-मेल : vcoffice@allduniv.ac.in
: vcoffice.uoa@gmail.com